# बाल सुधार गृह में भेंट की रोटी मेकिंग मशीन




**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** सेठी कॉलोनी स्थित राजकीय संप्रेषण किशोर एवं सुरक्षा गृह, बाल अधिकारिता विभाग में मुकुल माधव फाउंडेशन के सहयोग से रोटी मेकिंग मशीन भेंट की गई। इसका उद्घाटन जेजेबी मजिस्ट्रेट मेघना व्यास ने किया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक अनीता मूवाल, डीसीपीओ बाल अधिकारिता विभाग, अधीक्षक सुनील भार्गव, पुष्पेंद्र कश्यप (प्रोबेशन ऑफिसर), अनिल कुमार (केयर टेकर), दयाराम स्वामी, आशीष शर्मा तथा फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड से छोटेलाल एवं सुमित सोभासरिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुष्पेंद्र कश्यप ने बताया कि इस सुधार गृह में 135 किशोर रह रहे हैं और मशीन की सहायता से प्रतिदिन लगभग 2,000 रोटियां बनाई जाएंगी। इससे समय और धन की बचत होगी तथा किशोरों को पोषक आहार उपलब्ध कराने में भी सुविधा होगी।